# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कमरा नम्बर–15 एम.बी, राम किशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा / संस्था / लेखा / 2025–26 / डी– 324 दिनांकः 08-08-25

## ई–बिड आमंत्रण सूचना

**बिड संख्या**–DC(Admn.)- 06 / **2025–26**

जयपुर विकास प्राधिकरण में नियंत्रणाधीन प्रकोष्ठो / उद्यानों में उच्च कुशल / कुशल / अकुशल श्रमिक सेवाओं यथा सुपरवाइजर सेवा (उच्च कुशल श्रमिक सेवा), सिक्यूरिटी मैन सेवा (कुशल), सहायक कर्मचारी सेवा (अकुशल श्रमिक)] राजस्थान सरकार के श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरों पर उपलब्ध कराने हेतु संवेदकों / सेवा प्रदाता एजेन्सियों से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 29.00 करोड़ वार्षिक है। बोली जिसका UBN No. ................................................ दिनांक 29-08-2025 सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाइन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली का ऑनलाइन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अंतिम तिथि 29-08-2025 को सांय 5:00 बजे तक है। विस्तृत विवरण, जो कि बोली प्रपत्र में उपलब्ध है, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

बोलीदाता को बोली में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :–

1 बोलीदाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। बोली में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन हेतु दस्तावेज शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि व आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क ऑनलाइन जमा करानी होगी।

2 बोलीदाता ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान सरकार के ई–प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 14:23:51 IST
Reason: Approved

उपायुक्त (प्रशासन)
जविप्रा,जयपुर।

# JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY

Room No. MB-15, Ram Kishore Vyas bhavan, Indira Circle, JawaharLal Nehru Marg, Jaipur- 302004

No:- JDA/EST./ACTT./2025-26/D- 324

Date: 08-08-25

## NOTICE INVITING E-BID

**NIB NO.: DC(Admn.)- 06/2025-26**

Online Bids are invited forProviding service of Various Types Like Labourersie Supervisor (Highly Skilled), Security Men (skilled), IVth Class (Unskilled Labour) Services. estimated yearly cost of which is Rs 29.00 Crore. UBN No. .................................. The last date for Applying Bid and making online payment on JDA portal is up-to 05:00 PM of 29-08-2025 Details may be seen in the Bidding Doucment at our office or the State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.urban. rajasthan.gov.in.

To participate in the bid, bidder has to be :

1. Registered on JDA website www. jda.urban.rajasthan.gov.in,
   For Participating in the bid, the bidder has to apply for the bid and pay the Bidding Document Fee, RISL Processing Fee and Bid Security deposit online only.
2. Registered on e-Procurement Portal of Government of Rajasthan www.eproc.rajasthan.gov.in for online e-Bid submission.

**Deputy Commissioner (Admn.)**
**JDA, Jaipur**

-

Signature valid

Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16509074

Detail NIB for uploading on SPP Portal, e-Procurement, JDA Protal & as part of NIB Document

## JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY

Room No. MB-15, Ram Kishore Vyas bhavan, Indira Circle, Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur- 302004

No:- JDA/EST./ ACTT./2025-26/D- 324

Date: 08-08-25

## NOTICE INVITING E-BID

## NIB NO. : DC(Admn.)- 06/2025-26

| | |
|---|---|
| Name & Address of the Procuring Entity | ➢ Name: Deputy Commissioner (Admn) JDA, Jaipur<br>➢ Address: Room No. 15 Main Block, Ram Kishore Vyas bhavan, Indira Circle, JawaharLal Nehru Marg, Jaipur- 302004 |
| Subject Matter of Procurement | ➢ Open Bid for Providing Various Services Type of Securitymen Supervisor (Highly Skilled), Security Men (skilled), IVth Class (Unskilled Labour)], in JDA & Park, etc. |
| Period | ➢ For One year |
| Bid Procedure | ➢ Two Stage Method tender, open competitive Bid procedure at (least cost based) http://eproc.rajasthan.gov.in |
| Websites for downloading Bidding Document, Corrigendum's, Addendums, etc. | ➢ Website: www.sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.rajsthan.gov.in www.jda.urban.rajasthan.gov.in |
| Website for online Bid application and payment | ➢ Website: www.jaipurjda.org.<br>➢ For participating in the Bid, the Bidder has to apply for this Bid and pay the Bidding Document fee, RISL Proccessing fee Deposit, and Bid Security deposit online only.<br>○ Bidding document fee: Rs. 1000/- (Rupees One Thousand only) (@50% cost for SSI units)<br>○ RISL Processing Fee: Rs 2500.00 (Rupees Two Thousand five hundred only)<br>➢ Requisite Bid Security Money - Amount (INR) : 2% of Estimated Procurement Cost, 0.50% of S.S.I. of Rajasthan, 1% for Sick Industries, other than S.S.I., whose cases are pending with Board of Industrial & Financial Reconstruction<br>○ In case of Departments' of the State Government and Undertakings, Corporations, Autonomous bodies, Registered Societies, Cooperative Societies which are owned or controlled or managed by the State Government and Government Undertakings of the Central Government shall submit a bid securing declaration in lieu of bid security. |
| Estimated Procurement Cost | ➢ INR 29.00 Crore |
| Bid Security | ➢ In case of Departments' of the State Government and Undertakings, Corporations, Autonomous bodies, Registered Societies, Cooperative Societies which are owned or controlled or managed by the State Government and Government Undertakings of the Central Government shall submit a bid securing declaration in lieu of bid security. |
| Pre-Bid | ➢ N/A |
| Start/End Date for Bid Applying, Online Payment and Bid Submission | ➢ Start Date: 08-08-2025 at 01:00 PM<br>➢ End Date: 29-08-2025 at 05:00 PM |
| Date/Time/Place of Technical Bid Opening | ➢ 01-09-2025 at 03:00 PM<br>Room No. 15, Main Block, Ram Kishore Vyas bhavan, Indira Circle, Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur- 302004 |
| Date/Time/Place of Financial Bid Opening | ➢ Will be intimated latter to the technically qualified bidder. |

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16509074

| | |
|---|---|
| Bid Validity | ➢ 120 days from the bid submission deadline |

DC (Admn)

**Process for Participation & Depositing Payment Online**

Jaipur Development Authority has decided to receive Earnest Money Deposit (EMD) (Bid Security), Tender Fee and RISL processing fee online through JDA Portal. The options available in tender for participants are as mentioned below:

**A. To participate in the bid, bidder has to be:**

- Registered on JDA website www.jda.urban.rajasthan.gov.in (by depositing Rs. 500.00 online, the validity of which remains 3 (three) years).
- For participating in the Bid, the Bidder has to apply for this Bid and pay the Bid Document Fee, RISL Processing Fee Deposit+ Earnest Money Deposit (EMD) (Bid Security), online only.
- Registered on e-Procurement Portal of Government of Rajasthan www.eproc.rajasthan.gov.in for online e-Bid submission.

**B. Payment Options:**

**Option-1:**

Earnest Money Deposit (EMD) (Bid Security) +Tender Fee + RISL Processing Fee amount will be paid through **Payment Gateway only.**

options of making complete payment through Payment Gateway or through EFT (NEFT / RTGS) will be available.

**Option-2: Electronic Fund Transfer (EFT: NEFT/RTGS)**

If the bidder selects payment mode as EFT (NEFT/RTGS), "**Paying Slip for EFT (NEFT/RTGS)**" will be generated by the system for the complete amount. The payment can be made from **any Bank any Branch** using this Paying Slip through NEFT/RTGS (Claim against payment made through EFT in any other JDA bank account will not be acceptable and bidder stands disqualified from participation in the bid applied for). After successful transaction through NEFT/RTGS, as per the standard procedures it may take 4 to 24 hours in process of confirmation of EFT through Auto-Process depending on the time of EFT done. Therefore, option to make payment through EFT (NEFT/RTGS) will be available till 48 hours prior to closing date of bid participation.

**Option-3: Payment Gateway (Aggregator)**

The facility to make payment through Debit Card, Credit Card, Net banking etc., will be available. User can use this facility from **anywhere any time** till the closing date & time of bid participation.

**C. Bid Participation Receipt**

After confirming payment, the bidder will get Bid Participation Receipt on the basis of which user will get the payment details along with other details for bidding on e-Procurement portal of GOR.

- In case complete payment is done through Payment Gateway, on successful transaction the "**Bid Participation Receipt**" will be generated on real time basis.
- In case complete payment is done through EFT (NEFT/RTGS), on confirmation of payment from ICICI Bank (Auto Process) "**Bid Participation Receipt**" will be available on Login of Bidder on JDA portal.

**Note:**

1. Bidder (authorised signatory) shall submit their offer on-line in Electronic formats both for technical and financial proposal.
2. In case, any of the bidders fails to pay the Tender Fee, Earnest Money Deposit (EMD) (Bid Security), and RISL Processing Fee, online (subject to confirmation), its Bid shall not be accepted.
3. To participate in online bidding process, Bidders must procure a Digital Signature Certificate (Type III) as per Information Technology Act-2000 using which they can digitally sign their electronic bids. Bidders can procure the same from any CCA approved certifying agency, i.e. TCS, Safecrypt, Ncode etc. Bidders who already have a valid Digital Signature Certificate (DSC) need not procure a new DSC. Also, bidders must register on http://eproc.rajasthan.gov.in (bidders already registered on http://eproc.rajasthan.gov.in before 30-09-2011 must register again).
4. JDA will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidders are requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid 11th hour issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems.
5. Bidders are also advised to refer "Bidders Manual Kit" available at eProc website for further details about the e-Tendering process.
6. Training for the bidders on the usage of e-Tendering System (eProcurement) is also being arranged by DoIT&C, GoR on a regular basis.

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

Bidders interested for training may contact e-Procurement Cell, DoIT&C for booking the training slot. Contact No: 0141-4022688 (Help desk 10 am to 6 pm on all working days) e-mail: eproc@rajasthan.gov.inAddress : e-Procurement Cell, JDA, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

7. The procuring entity reserves the complete right to cancel the bid process and reject any or all of the Bids.
8. No contractual obligation whatsoever shall arise from the bidding document/ bidding process unless and until a formal contract is signed and executed between the procuring entity and the successful bidder.
9. Procurement entity disclaims any factual/ or other errors in the bidding document (the onus is purely on the individual bidders to verify such information) and the information provided therein are intended only to help the bidders to prepare a logical bid-proposal.
10. The provisions of RTPPA Act 2012 and Rules thereto shall be applicable for this procurement.Furthermore, in case of any inconsistency in any of the provisions of this bidding document with theRTPP Act 2012 and Rules thereto, the Provisions of RTPP Act, 2012 and Rules, 2013 Shall Prevail.

## Process for Participation & Depositing Payment Online

**JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY, has decided to receive Bidding document fee, RISL Processing Fee and Bid Security Deposit through online mode only for which the bidder has to get registered himself on JDA portal**

**www.jda.urban.rajasthan.gov.in.**

**To participate in the bid, bidder has to be:**

1. **Registered on JDA website www.jda.urban.rajasthan.gov.in (by depositing Rs. 500.00 online, the validity of which remains 3 (three) years).**

   **For participating in the Bid, the Bidder has to apply for this Bid and pay the Bid Document Fee, RISL Processing Fee online only.**
2. **Registered on e-Procurement Portal of Government of Rajasthan www.eproc.rajasthan.gov.in for online e-Bid submission.**

Signature valid

Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

### Methods for depositing on line amount

**Option-1:**

**Tender Fee + RISL Processing Fee amount will be paid through Payment Gateway only.**

**Options of making complete payment through Payment Gateway or through EFT (NEFT / RTGS) will be available.**

Option-2: Electronic Fund Transfer (EFT: NEFT/RTGS)

If the bidder selects payment mode as EFT (NEFT/RTGS), "Paying Slip for EFT (NEFT/RTGS)" will be generated by the system for the complete amount. The payment can be made from any Bank any Branch using this Paying Slip through NEFT/RTGS (Claim against payment made through EFT in any other JDA bank account will not be acceptable and bidder stands disqualified from participation in the bid applied for). After successful transaction through NEFT/RTGS, as per the standard procedures it may take 4 to 24 hours in process of confirmation of EFT through Auto-Process depending on the time of EFT done. Therefore, option to make payment through EFT (NEFT/RTGS) will be available till 48 hours prior to closing date of bid participation.

Option-3: Payment Gateway (Aggregator)

The facility to make payment through Debit Card, Credit Card, Net banking etc., will be available. User can use this facility from anywhere any time till the closing date & time of bid participation.

Bid Participation Receipt

After confirming payment, the bidder will get Bid Participation Receipt on the basis of which user will get the payment details along with other details for bidding on e-Procurement portal of GOR.

- In case complete payment is done through Payment Gateway, on successful transaction the "Bid Participation Receipt" will be generated on real time basis.

In case complete payment is done through EFT (NEFT/RTGS), on confirmation of payment from ICICI Bank (Auto Process) "Bid Participation Receipt" will be available on Login of Bidder on JDA portal.

While participation in the bid, a receipt will be generated through the system showing the submission details as per Bid Participation Receipt (Sample Enclosed). The bidder is required to fill the instrument numbers for various heads on e-Procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in as mentioned in the receipt.

Signature valid

Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

## Bid Participation Receipt

Date & Time :................ AM/PM

**Bid Detail**

**Bid Id:** ..................

**Bid Title:**

Procurement Entity : XXXXXXXXXXXXXXXXXX

**Bid Value:** ................

**Bid Opening Place** : Room No. 15, Main Block Jaipur Development Authority

**Bidder Detail**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Entity: | XXXXXXXXXXX | Mobile No.: | XXXXXXXX |
| Registration Type: | Individual | Instrument Amount: | ......... |
| Payment Mode: | Online UTR | Payment Channel: | Payment Gateway ICICI Branch-JDA |
| Instrument No.: | .................. | Instrument Date: | .................... |

**Dates Detail**

| Sr. No. | Event Name | Event Date |
|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | ................ 03:00 PM |
| 2 | Bid Opening Date | ................ 03:30 PM |

**Specific Instrument for eProc Rajasthan**

**Instrument Type**

| Instrument Number | Head Name | Amount | Date |
|---|---|---|---|
| 10000 | Tender Fee | 1000.00 | ................ |
| 10001 | RISL Processing Fee | ......... | ................ |
| 10002 | Earnest Money Deposit (EMD) (Bid Security) | .. ........ | ................ |

**Issuer Detail:** Jaipur Development Authority

**Challan Number:**..........................

More details about Registration Process, Terms and Conditions and FAQ along with contact details is available on JDA website www.jda.urban.rajasthan.gov.in

Signature valid

Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

Bidder has to submitted as proof of deposited amount against the Bid on eProcurement Protal

| Jaipur Development Authority, Jaipur.<br>Bid Participation Receipt | |
|---|---|
| **Bid Detail** | Date & Time |
| Bid ID:<br>Bid Title:<br>Bid Value: | Procurement Entity:-<br><br>Bid Opening Place: |
| **Bidder Detail** | |
| Name of Entity:<br>Registration Type:<br>Payment Mode:<br>Instrument No.: | Mobile No.:<br>Instrument Amount:<br>Payment Channel:<br>Instrument Date: |

| Dates Detail | | |
|---|---|---|
| Sr. No. | Event Name | Event Date |
| 1 | Publishing Date | |
| 2 | Bid Opening Date | |

| Specific Instrument for eProc Rajasthan | | | |
|---|---|---|---|
| **Instrument Type** | | | |
| Instrument Number | Head Name | Amount | Date |
| | Tender Fee<br>RISL Processing Fee<br>Bid Earnest Money<br>Deposit | | |
| Issuer Detail: Jaipur Development Authority | | Challan Number: | |

Signature valid

Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16509074

# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

## जविप्रा के विभिन्न प्रकोष्ठो/उद्यानों में उच्च कुशल/कुशल/अकुशल श्रमिक सेवाओं यथा सुपरवाईजर (उच्च कुशल श्रमिक सेवा), सिक्यूरिटी मैन (कुशल श्रमिक सेवा), सहायक कर्मचारी सेवा (अकुशल श्रमिक सेवा)] उपलब्ध कराने हेतु बोली

### –:निविदा की शर्तें:–

**ए– बोली प्राप्ति हेतु वांछित तकनीकी योग्यताएं:–**

1. बोलीदाता को सिक्यूरिटी गार्डस की सेवा आपूर्ति करने हेतु गृह विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी किये जाने वाला लाईसेन्स होना आवश्यक है।
2. बोलीदाता के पास ई.एस.आई./पी.एफ./जी.एस.टी का पंजीयन एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक अधिनियम 1958 के अन्तर्गत लाईसेन्स, श्रम विभाग राजस्थान द्वारा जारी लाइसेन्स Contract Labour (Regulation and abolition) act 1970 u/s 12(2) एवं अन्य वांछित लाईसेन्स होना अनिवार्य है।
3. बोलीदाता को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निगम/बोर्ड/प्राधिकरण विभाग/कार्यालय में मैनपावर या कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का न्यूनतम 3 वित्त वर्ष का कार्यानुभव होना आवश्यक है। अनुभव की पुष्टि हेतु संबंधित वित्तीय वर्ष में बिडर द्वारा प्राप्त कार्यादेशों की स्वप्रमाणित प्रतियों के अलावा उस वित्तीय वर्ष हेतु संतोषप्रद कार्यपूर्णता के प्रमाण–पत्र संलग्न किए जायेंगे। अन्य अस्पष्ट दस्तावेज संलग्न करने पर निविदा को निरस्त योग्य माना जा सकेगा।
4. बोलीदाता फर्म का गत तीन वित्त वर्षो यथा 2022–23, 2023–24 व 2024–25 में से किन्हीं दो वर्षो में प्रतिवर्ष कम से कम 05.00 करोड़ का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। बोलीदाता को इस संबंध में सनदी लेखाकार द्वारा जारी टर्नऑवर सम्बन्धी प्रमाण–पत्र निविदा पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस पर संबंधित सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेण्ट) के UDIN Number अंकित होना आवश्यक होगा।
5. बोलीदाता फर्म को गत तीन वित्तीय वर्षो यथा 2022–23, 2023–24 व 2024–25 में से किन्हीं दो वर्ष के अंकेक्षित अन्तिम लेखे निविदा पत्र के साथ प्रस्तुत करने होगें। इन दस्तावेजों पर संबंधित सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेण्ट) के UDIN Number अंकित होना आवश्यक होगा।
6. Rajasthan Transparency in Public Procurement Act-2012 and Rules 2013 प्रावधानों के तहत् इस बोली के साथ संलग्न Annexure-A, B, D बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षर कर प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।
7. न्यूनतम सर्विस चार्जेज 1.5 प्रतिशत (एक पॉईन्ट पांच प्रतिशत) से कम होने पर बोली स्वतः ही निरस्ती योग्य होगा।
8. बोलीदाता फर्म का स्थाई खाता संख्या (पैन) एवं इसकी प्रति आवश्यक रूप से प्रस्तुत करनी होगी।
9. कम्पनी के पास Private Security Agencies (Regulation) Act,2005 के तहत जारी लाइसेंस होना चाहिये।
10. उपरोक्तानुसार सभी दस्तावेजों के लिए चैक लिस्ट तैयार कर पृ.सं. का उल्लेख करते हुए दस्तावेज पृ.सं. अनुसार संलग्न/अपलोड किया जाना आवश्यक है इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जावेगा। तकनीकी योग्यताओं के क्रम में उपरोक्तानुसार एवं अनुसंलग्नक प्रथम अनुसार दस्तावेज संलग्न किये जाने है।
11. बोलीदाता द्वारा स्वघोषणा पत्र संलग्न किया जावेगा जिसमें वह स्पष्ट इंगित करे कि वह अकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल सेवा में से किस श्रेणी की सेवा हेतु भाग ले रहा है। (संलग्न Annexure G)

**बी– अन्य शर्ते :–**

1. अनुबन्ध की अवधि निविदा स्वीकृति से एक वर्ष की अवधि हेतु होगी। कार्य संतोषजनक होने पर बोलियों की अवधि सक्षम स्वीकृति पश्चात् नियमानुसार बोली की शर्तो के अध्याधीन, उभय पक्षों की सहमति से आगे बढायी जा सकेगी।
2. न्यूनतम मजदूरी/पीएफ/ई.एस.आई/जी.एस.टी व अन्य राजकीय अधिनियम की पालना सुनिश्चित किये जाने की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। ई.एस.आई./पी.एफ. एवं जी.एस.टी का भुगतान नियमानुसार जविप्रा द्वारा पृथक से देय होगा। जविप्रा में आपूर्ति होने वाली श्रमिक सेवाओं के प्रति सेवा आपूर्तिकर्ता फर्म को ई.पी.एफ./ई.एस.आई. अंशदान के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि संबंधित विभाग में पृथक चालान [illegible] बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा एवं इस क्रम में ईसीआर की प्रति तथा फर्म के बैंक खाते से राशि [illegible] के स्टेटमेंट की प्रति उपलब्ध करानी होगी। आगामी माह का भुगतान गत माह की PF/ESI/GST राशि [illegible] के साक्ष्यों (ईसीआर की प्रति एवं फर्म के बैंक खाते से राशि जमा के स्टेटमेन्ट की प्रति) के पश्चात् [illegible] देय [illegible]। उपर्युक्तानुसार अभिलेख अनिवार्यतः प्रस्तुत करने के उपरांत ही बिल भुगतान प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।
3. सफल बोलीदाता को राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधान अनुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि LOA जारी तिथि से 7 दिवस में जमा कराया जाना आवश्यक है।

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

4. कुशल/उच्च कुशल/अकुशल श्रमिक सेवा आपूर्ति हेतु एक से अधिक संवेदकों/एजेन्सियों से न्यूनतम बोली पर समानान्तर अनुबंध किया जा सकता है।
5. सफल बोलीदाता को उपलब्ध कराये जाने वाले कुशल/उच्च कुशल/अकुशल श्रमिक सेवा के पहचान सम्बन्धी दस्तावेज/पूर्ण विवरण रखना होगा एवं मांगने पर उपलब्ध कराना होगा।
6. प्रत्येक एजेन्सी द्वारा समस्त प्रकार की श्रमिक सेवाओं की आपूर्ति जविप्रा द्वारा निर्धारित वर्दी में ही की जायेगी। सभी एजेन्सीयों की वर्दी (आसमानी शर्ट, काली पेंट) एक समान होगी एवं वर्दी पर आपूर्तिकर्ता एजेंसी/फर्म के नाम का बैज एवं फर्म द्वारा जारी श्रमिक सेवा का पहचान पत्र लगा होना अनिवार्य होगा।
7. संवेदक फर्म द्वारा श्रमिक सेवाओं की आपूर्ति बोली शर्तो अनुरूप नही किये जाने यथा निर्धारित वर्दी का अभाव, पहचान पत्र का अभाव, निर्धारित कार्यस्थल से अनुपस्थिति आदि होने पर रू. 30/– प्रति श्रमिक सेवा प्रतिदिन की दर से शास्ती आरोपित की जावेगी।
8. प्रत्येक बोलीदाता फर्म जविप्रा में उनके द्वारा आपूर्ति की जाने वाली श्रमिक सेवाओं की उपस्थिति स्वंय की बायोमैट्रिक मशीन पर करने की व्यवस्था करेगी। एजेन्सी के सुपरवाईजर द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति संधारित की जायेगी, जिसको प्राधिकरण द्वारा कभी भी चैक किया जा सकेगा। उक्त के अभाव में राशि रू. 1000/– प्रति दिवस की दर से शास्ती लगाई जा सकेगी।
9. सेवा प्रदाता एजेन्सी/संवेदक को निविदा के साथ संलग्न जॉब चार्ट के अनुसार सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। जॉब चार्ट अनुसार सेवा नहीं दिये जाने पर प्रतिभूति राशि (SD)/कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी एवं कम से कम एक वर्ष के लिए डी–बार भी किया जा सकता है।
10. जविप्रा एवं सेवा आपूर्तिकर्ता फर्म की आपसी सहमति से अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा सेवायें ली जा सकेगी।
11. सफल बोलीदाता को कार्यादेश देने पर अपेक्षित संख्या में कुशल/उच्च कुशल/अकुशल श्रमिक सेवाओं की आपूर्ति की जानी है। कार्य सम्पादन के दौरान किसी श्रमिक सेवा को कोई शारीरिक एवं मानसिक क्षति होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म/संवेदक की होगी।
12. श्रमिकों सेवा के अनुशासन में कार्य करने की जिम्मेदारी संबंधित एजेन्सी की होगी। सेवा आपूर्ति फर्म द्वारा श्रमिक सेवाओं से लगातार 8 घंण्टे से अधिक कार्य नही करवाया जायेगा। श्रमिक सेवाओं की अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
13. एजेन्सी का कार्य संतोषप्रद नही पाये जाने पर अथवा अनुबन्ध की शर्तो का उल्लघंन करने पर अनुबन्ध तुरन्त प्रभाव से समाप्त किया जा सकेगा एवं ऐसी एजेन्सी को नियमानुसार ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही भी की जा सकेगी एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त की जा सकेगी।
14. बोलीदाता को उपरोक्त "ए" में वांछित योग्यताओं संबंधी आवश्यक प्रमाण–पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करने होगे
15. बोली प्रतिभूति राशि टेण्डर शुल्क, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा। इनके ऑनलाईन जमा के अभाव में टेण्डर निरस्त माना जायेगा।
16. उपरोक्त "ए" में अंकित अर्हताएं पूर्ण नही करने वाली एजेन्सी की निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
17. बोलीदाता द्वारा सर्विस चार्ज प्रतिशत के रूप में अंकों एवं शब्दों में अंकित करना होगा।
18. किसी बिन्दू पर विवाद होने पर सचिव जविप्रा का निर्णय अंतिम होगा। विवादों के लिए न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।
19. श्रमिक सेवा आपूर्ति का भुगतान संबंधित नियंत्रक अधिकारी/प्रभारी अधिकारी द्वारा उनकी उपस्थिति के प्रमाणीकरण के आधार पर किया जावेगा।
20. संवेदक द्वारा जो भी श्रमिक सेवा उपलब्ध करवायी जायेगी, उन्हे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना चाहिए।
21. संवेदक द्वारा आपूर्ति की जाने वाली श्रमिक सेवाओं को पारिश्रमिक का भुगतान अनिवार्य रूप से आगामी माह की 05 तारीख तक किए जाने के बाद सभी श्रमिक सेवाओं को किये गये पारिश्रमिक भुगतान का शपथ पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही संवदेक को संबंधित माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
22. संवेदक द्वारा आपूर्ति की जाने वाली श्रमिक सेवाओं का उपस्थिति पत्रक संबंधित नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा जारी कर दिये जाने की स्थिति में पारिश्रमिक का भुगतान अनिवार्य रूप से आगामी माह की 05 तारीख तक उनके बैंक खातों मे ही किया जायेगा, इसके अभाव में संवेदक के विरूद्व विलम्बित अवधि हेतु राशि रू. 5000/– प्रतिदिन की दर से शास्ती आरोपित की जा सकेगी।
23. श्रमिक सेवाओं के पर्यवेक्षण हेतु आवश्यकतानुसार उच्चकुशल श्रमिक सेवाओं की आपूर्ति रखी जावेगी, जिनको उच्च कुशल श्रमिक की श्रेणी का पारिश्रमिक का भुगतान किया जावेगा।
24. किसी भी निविदा/निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार सचिव, जविप्रा, जयपुर को होगा।
25. ALL the provisions of the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act.2012 and Rules 2013 (समय–समय पर यथा संशोधित) will be applicable on this tender. If there is any contradictions in existing conditions, then provision of The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act.2012 and Rules 2013 shall be applicable.
26. Rajasthan Transparency in Public Procurement Act.2012 [illegible] करने पर Annexure-C एवं फार्म संख्या–1 भरकर एवं हस्ताक्षरित कर प्रकियानुसार [illegible] के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा। अपील हेतु देय फीस अप्रतिदेय होगी।
27. बोली पूर्व स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण [illegible] से प्राप्त किया जा सकता है, लिखित में स्पष्टीकरण प्राप्ति हेतु निविदा सूचना प्रकाशित होने/Portal पर अपलोड करने के 3 दिवस के

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16509074

अन्दर लिखित प्रार्थना–पत्र सदस्य सचिव, क्रय समिति कमरा नं. 15 जविप्रा, जयपुर को प्रस्तुत करना होगा, जिसका प्रत्युत्तर प्रार्थी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की दिनांक से 3 दिवस में दे दिया जावेगा। प्रार्थी को दिया गया स्पष्टीकरण एवं बोली प्रपत्र में किसी प्रकार का परिवर्तन होगा तो SPP Portal पर प्रदर्शित कर दिया जावेगा। (नियम 46 एवं 47)

28. राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओं के उपापनों के संबंध में राजस्थान सरकार के वित्त(जी. एण्ड टी.) विभाग के परिपत्र क्रमांक:एफ. 2(1)वित्त/एसपीएफसी/2017/जयपुर दिनांक 30/04/2018, संख्या 1/2018 के समस्त बिन्दु लागू होंगें मुख्य प्रावधान निम्नानुसार है :–

(i) बोलीदाता/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जावेगा :–

| क्र.सं. | विवरण | रजि. सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | | |
| 4 | वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) | | | | |
| 5 | आय कर (पैन नम्बर) | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इंण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इंण्डिन एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |
| 7 | राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (रेग्यूलेशन) एक्ट 2005–06 गृह विभाग (पुलिस विभाग) राजस्थान सरकार से जारी अनुक्षा पत्र | | | | |

29. संवेदक के माध्यम से सेवाओं के उपापन के लिए निविदा बोली पत्र में दरें निम्नानुसार प्रपत्र में प्रस्तुत की जावेगी जो अनुसंलग्क द्वितीय पर संलग्न हैं :–

| क.सं. | कार्य की प्रकृति | कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या | श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी (प्रति माह) | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति दर | EPF दर प्रतिशत | ESI दर प्रतिशत | सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | सुपरवाईजर (उच्च कुशल श्रमिक सेवा) | 20 | उच्च कुशल – रू. 10770/– | | 13 | 3.25 | | |
| 2. | सिक्यूरिटी मैन (कुशल श्रमिक सेवा) | 650 | कुशल – रू. 9270/– | | 13 | 3.25 | | |
| 3. | सहायक कर्मचारी (अकुशल श्रमिक सेवा) उपलब्ध करवाने की सेवाएं | 930 | अकुशल – रू. 8550/– | | 13 | 3.25 | | |

(उपर्युक्त तालिका में स्तम्भ संख्या 5, 8 एवं 9 की पूर्तियां बोलीदाता द्वारा अंकित की जा सकेगी)

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

30. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

31. राजस्थान अनुबंधित (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हक होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।

32. यदि जविप्रा को अंशकालिक (पार्ट टाईम) मानव संसाधन की सेवाओं की 4 घण्टे से कम अवधि के लिये आवश्यकता होगी तो ऐसे अंशकालिक मानव संसाधन जिनकी सेवाऐं 4 घंण्टे से कम अवधि के लिए ली जायेगी उन्हे उनकी सेवाओं के विरूद्व न्यूनतम मजदूरी की गणना श्रम विभाग द्वारा समय–समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की 50 प्रतिशत राशि पर की जायेगी।

33. संवदेक द्वारा आपूर्ति की जाने वाली श्रमिक सेवाओं का मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातो में ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा श्रमिक सेवाओं के बैंक खाते में जमा कराई गई राशि का विवरण उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिक सेवाओं के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि का शपथ पत्र एवं बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।

34. कुशल श्रमिक सेवाओं से निर्धारित सामान्य कार्य के घण्टों (8 घंण्टे प्रतिदिन) से अधिक कार्य करवाने पर ओवरटाईम कार्य का भुगतान सामान्य मजदूरी दर की दुगनी दर से किया जायेगा। जविप्रा में कार्य की परिस्थति को देखते हुए एक गार्ड को प्रतिमाह 20 घण्टे से अधिक का ओवरटाईम देय नही होगा। विशेष परिस्थतियों में आवश्यकता होने पर सचिव जविप्रा की पूर्व स्वीकृति से 20 घण्टे से अधिक ओवरटाईम स्वीकृत किया जा सकेगा।

35. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिक सेवाओं को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

36. श्रमिक सेवाओं को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय समय पर वृद्वि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवदेक को बढी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

37. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार उसके द्वारा आपूर्ति की जाने वाली समस्त श्रमिक सेवाओं का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा, जिसमें श्रमिक सेवा की मजदूरी राशि से कटौती और नियोक्ता का अंशदान भी शामिल होगा। संवदेक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिक सेवा के ई.पी.एफ. और ई.एस.आई के अंशदान की राशि जविप्रा में कार्यरत श्रमिकों के ई.पी.एफ./ई.एस.आई. पृथक रूप से चालान से जमा करवाये जाने एवं इसकी पुष्टि हेतु नियमानुसार संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।

38. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर डिस्पले बोर्ड लगाये जायेंगे, जिन पर संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु हैल्प लाईन नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।

39. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिक सेवाओं का नियमानुसार ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।

40. संवेदक द्वारा श्रमिक सेवाओं को देय राशि पर वस्तु एव सेवा कर की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह मे जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर जी.एस.टी. के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नही किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तुत एवं सेवा कर के सम्बन्ध में उत्पन्न, होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्व के निर्वहन का उतरदायित्व संवेदक का होगा।

41. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार जविप्रा द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों, अधिसूचनाओ, आदेशो/दिशा–निर्देशों आदि का पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वंय उत्तरदायी होगा।

42. यदि संवेदक एवं आपूर्ति की जाने वाली श्रमिक सेवाओं के मध्य कोई विवाद [illegible] जिम्मेदारी संवेदक की होगी। (इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 [illegible] राजस्थान एवं राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलक) अधिनियम, 1970 का [illegible] निष्ठा [illegible] पालन करने के लिए उतरदायी होगा)

Signature valid
Digitally signed by Satyam Khandelwal
Designation : Deputy Commissioner
Date: 2025.08.08 11:23:51 IST
Reason: Approved

43. श्रमिक सेवाओं को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तदायित्व संवेदक का होगा।

44. कार्य सम्पादन अवधि के कार्य संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/सामुहिक दुघ टिना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

